चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 23-7-24 | 3 | 8 |

THE TIMES OF INDIA

# HAU gets A+ grade from NAEAB

**Hisar:** Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (CCSHAU) here has been granted A+ grade by the National Agricultural Education Accreditation Board (NAEAB) of the Indian Council of Agricultural Research (ICAR).

HAU vice-chancellor Prof B R Kamboj said earlier the university was continuously getting 'A' grade and now the university has been awarded A+ grade. This is the highest grading which is given to an institution by the NAEAB. Various colleges of HAU and courses running in these have also been given recognition for the next five years. Apart from this, Agricultural College, Bawal, has also been given recognition for the first time. The university has achieved this success by getting 3.52 marks out of 4 in grading, he said.

The VC said the university had been accredited by the ICAR for five years – from April 1, 2023 to March 31, 2028 – with A+ grade. TNN

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 23-7-24 | 2 | 5-6 |

The Tribune

# Haryana agri varsity gets A+ grading

TRIBUNE NEWS SERVICE

HISAR, JULY 22

Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University, Hisar, has been, for the first time, accorded the A+ grade by the National Agricultural Education Accreditation Board (NAEAB) of the Indian Council of Agricultural Research.

Previously, the university had got the A grade in several consecutive evaluations.

A spokesperson of the university said the A+ grade was the highest grade given to institutions by the NAEAB.

Various colleges of the HAU, and their courses, have been given recognition for next five years.

Agricultural College, Bawal, was recognised by the NAEAB for the first time. The university scored 3.52 out of 4.00 marks during the evaluation.

Vice-Chancellor BR Kamboj said the university was continuously enhancing its identity, not only at the national level, but also at the international level.

This assessment was based on qualitative and quantitative metrics and was a matter of great happiness. The senior academicians of the NAEAB team evaluated every aspect of the university, meeting with faculty members, students, parents, alumni and staff, he added.

The university has been accredited by the ICAR for five years — from 1 April, 2023, to 31 March, 2028 — with an A+ grade. HAU offers 7 undergraduate (UG), 47 post-graduate (PG) and 42 PhD courses.

The VC said the grade was a result of the sincerity, hard work and dedication of all teaching and non-teaching staff, and the students and farmers.

The university was dedicated to farmers, and would continue to strive for the welfare of farmers by developing new agricultural technologies, he added.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 23-7-24 | 2 | 7-8 |

**The Tribune**
ESTABLISHED IN 1881



## VARSITY DECLARES ENTRANCE RESULTS

**Hisar:** Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU) has declared the results of the entrance examination held for admission to BSc Agriculture (four-year), BSc Agriculture (six-year), BSc Community Science and MSc Agriculture courses. Vice-Chancellor BR Kamboj said Rahul Jakhar topped with 88.5 marks for the BSc Agriculture course, while Ritik scored 87 marks and Deepanshu and Himansh Chawla scored 86.5 marks to secure the second and third positions, respectively. Similarly, for the BSc Agriculture course, Palak, Tanish, Sahil, Rohit, Suryanshi and Yanshu scored 91 marks and secured the first position jointly. In BSc Community Science, Khushi scored 83 marks and Chahat, Ishika and Avantika scored 82 marks, securing the first and second spots, respectively. In MSc Agriculture, Shubham scored 81 marks, Dixit scored 77 and Sania and Pooja scored 76 marks and secured first, second and third positions, respectively. Candidates can check the university websites (admissions.hau.ac.in and hau.ac.in) for the results of the examinations and the latest information related to it.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 23.7.24 | 3 | 4-8 |

उपलब्धि — 6 पेटेंट, 11 कॉपीराइट व 11 डिजाइन सहित कुल 28 बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त किए

# हकृवि को मिला ए प्लस ग्रेड, नैब टीम ने घोषित किया परिणाम

**सच कहूँ/संदीप सिंहमार।**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से ए प्लस ग्रेड दिया गया है। इससे पूर्व विश्वविद्यालय लगातार 'ए' ग्रेड हासिल कर रहा था। अब विश्वविद्यालय का ओवरऑल ग्रेड ए प्लस हो गया है। ज्ञात रहे कि ए प्लस ही नैब की सर्वश्रेष्ठ ग्रेडिंग होती है। एचएयू के विभिन्न महाविद्यालयों एवं उनमें चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों को भी पांच साल की मान्यता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त कृषि महाविद्यालय, बावल को भी पहली बार मान्यता प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय ने ग्रेडिंग के 4.00 में से 3.52 अंक प्राप्त कर यह कामयाबी हासिल की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। नैब की ओर से ए प्लस ग्रेड मिलना बेहद खुशी की बात है। विश्वविद्यालय का यह आंकलन गुणात्मक व मात्रात्मक मीट्रिक पर आधारित है। इस टीम में शामिल वरिष्ठ शिक्षाविदों ने शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों, के साथ मुलाकात की और महाविद्यालयों, हॉस्टलों, खेल, स्वास्थ्य सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण करने के उपरांत गुणात्मक घटकों का आकलन किया। विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड के साथ पांच वर्ष यानि 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2028 के लिए आईसीएआर ने मान्यता प्रदान की है। एचएयू के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों से संबंधित कोर्सेज कराए जाते हैं जिनमें यूजी के 7, पीजी के 47 व पीएचडी के 42 कोर्सेज शामिल हैं।



हिसार- कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि यह विश्वविद्यालय शिक्षण, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा की अपनी अनिवार्य गतिविधियों में उच्च मानकों को दिन-प्रतिदिन बढ़ा रहा है। हकृवि ने गत वर्षों में उल्लेखीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए 6 पेटेंट, 11 कॉपीराइट व 11 डिजाइन सहित कुल 28 बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त किए। प्रदेश में उन्नत बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय लगातार विभिन्न फसलों का उन्नत बीज पैदा कर रहा है जोकि राज्य के विभिन्न निगमों व किसानों को वितरित किया जाता है। शोध कार्यक्रमों को कृषि की बदलती परिस्थितियों के अनुसार बढ़ावा देने तथा कृषि की लाभकारी तकनीकों के व्यावसायीकरण के लिए राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुल 580 द्विपक्षीय समझौते किए गए हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23.7.24 | 4 | 6-8 |

# हरियाणा कृषि विवि को पहली बार मिला ए प्लस ग्रेड

जागरण संवाददाता, ● हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से ए प्लस ग्रेड दिया है। इससे पूर्व विश्वविद्यालय लगातार 'ए' ग्रेड हासिल कर रहा था। अब विश्वविद्यालय का ओवरआल ग्रेड ए प्लस हो गया है। ए प्लस ही नैब की सर्वश्रेष्ठ ग्रेडिंग होती है। एचएयू के विभिन्न महाविद्यालयों एवं उनमें चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों को भी पांच साल की मान्यता प्रदान की है। इसके अतिरिक्त कृषि महाविद्यालय, बावल को भी पहली बार मान्यता प्रदान की है। विश्वविद्यालय ने ग्रेडिंग के 4.00 में से 3.52 अंक प्राप्त कर यह कामयाबी हासिल की है।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी आर कांबोज पत्रकारों से बातचीत करते हुए। ● जागरण

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय का यह आंकलन गुणात्मक व मात्रात्मक मीट्रिक पर आधारित है। इस टीम में शामिल वरिष्ठ शिक्षाविदों ने शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों, के साथ मुलाकात की और महाविद्यालयों, हास्टलों, खेल, स्वास्थ्य सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण करने के उपरांत गुणात्मक घटकों का आंकलन किया। विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड के साथ पांच वर्ष यानि 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2028 के लिए आइसीएआर ने मान्यता प्रदान की है। एचएयू के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों से संबंधित कोर्स कराए जाते हैं जिनमें यूजी के 7, पीजी के 47 व पीएचडी के 42 कोर्स शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने गत वर्षों में विभिन्न फसलों की 44 किस्में विकसित की हैं। एचएयू प्रदेश के छह लाख किसानों से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है व उनको दैनिक आधार पर मौसम की सटीक जानकारी उपलब्ध करवा रहा है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 23.7.24 | 14 | 3-7 |


### कुलपति ने ए प्लस ग्रेड मिलने पर विवि परिवार को दी बधाई

# हकृवि को पहली बार मिला ए प्लस ग्रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶|हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से ए प्लस ग्रेड दिया गया है। इससे पूर्व विश्वविद्यालय लगातार 'ए' ग्रेड हासिल कर रहा था। अब विश्वविद्यालय का ओवरऑल ग्रेड ए प्लस हो गया है। ए प्लस ही नैब की सर्वश्रेष्ठ ग्रेडिंग होती है। एचएयू के विभिन्न महाविद्यालयों एवं उनमें चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों को भी पांच साल की मान्यता प्रदान की गई है।



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। फोटो: हरिभूमि

इसके अतिरिक्त कृषि महाविद्यालय, बावल को भी पहली बार मान्यता प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय ने ग्रेडिंग के 4.00 में से 3.52 अंक प्राप्त कर यह कामयाबी हासिल की है। यहां उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर पर हकृवि को कृषि उत्पादकता में वृद्धि तथा ग्रामीण समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान के लिए वर्ष 2019 में प्रतिष्ठित कृषि शिक्षा सम्मान अवार्ड प्रदान किया गया था। एग्री बिजनेस इंक्युबेशन सेंटर(एबिक) को राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2021 में बेस्ट इंक्युबेशन सेंटर का अवार्ड मिला। विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, महेन्द्रगढ़ को वर्ष 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केन्द्र पुरस्कार से नवाजा गया है। 2023 में विश्वविद्यालय को सरसों अनुसंधान एवं विकास कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया।

### विवि ने पांच साल में जीते 4 राष्ट्रीय पुरस्कार

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। नैब की ओर से ए प्लस ग्रेड मिलना बेहद खुशी की बात है। आकलन गुणात्मक व मात्रात्मक मीट्रिक पर आधारित है। इस टीम में शामिल वरिष्ठ शिक्षाविदों ने शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों, के साथ मुलाकात की और महाविद्यालयों, हॉस्टलों, खेल, स्वास्थ्य सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण करने के उपरांत गुणात्मक घटकों का आकलन किया। विवि को पांच वर्ष यानि 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2028 के लिए आईसीएआर ने मान्यता प्रदान की है। एचएयू के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों से संबंधित कोर्सेज कराए जाते हैं जिनमें यूजी के 7, पीजी के 47 व पीएचडी के 42 कोर्सेज शामिल हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23-7-24 | 4 | 1-4 |

**खुशखबरी** • राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड नैब ने एचएयू को ए प्लस ग्रेड दिया

# एचएयू के कोर्सेज को 5 साल की मान्यता मिली

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड नैब ने ए प्लस ग्रेड दिया है। सोमवार को एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि महाविद्यालयों, हॉस्टलों, खेल, स्वास्थ्य सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण करने के बाद गुणात्मक घटकों का आंकलन किया।

एचएयू को ए प्लस ग्रेड के साथ पांच वर्ष यानी 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2028 के लिए आईसीएआर ने मान्यता दी है। एचएयू से जुड़े कॉलेजों में विभिन्न विषयों से संबंधित कोर्सेज करवाए जाते हैं जिनमें यूजी के 7, पीजी के 47 व पीएचडी के 42 कोर्सेज शामिल हैं। एचएयू में स्पीड ब्रीडिंग और माइक्रोमेटेरोलॉजी लैब की स्थापना की गई है जिससे फसलों की नई किस्म को जारी करने के लिए 3 से 4 साल का समय लगेगा जो पहले 10 से 12 वर्ष लगता था। गौरतलब है कि विवि ने गत वर्षों में विभिन्न फसलों की 44 किस्में विकसित की हैं। एचएयू ने गत वर्षों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए 6 पेटेंट, 11 कॉपीराइट व 11 डिजाइन सहित कुल 28 बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त किए।



हिसार | सीसीएचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए। साथ हैं रजिस्ट्रार बलवान मंडल, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व अन्य अधिकारीगण।

## एचएयू को 2019 में मिल चुका कृषि शिक्षा सम्मान अवॉर्ड

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर एचएयू को कृषि उत्पादकता में वृद्धि तथा ग्रामीण समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान के लिए वर्ष 2019 में प्रतिष्ठित कृषि शिक्षा सम्मान अवार्ड प्रदान किया गया था विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस इंक्युबेशन सेंटर एबिक को राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2021 में बेस्ट इंक्युबेशन सेंटर का अवार्ड मिला। कृषि विज्ञान केन्द्र, महेन्द्रगढ़ को वर्ष 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केन्द्र पुरस्कार से नवाजा गया है। वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय को सरसों अनुसंधान एवं विकास कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सर्वश्रेष्ठ केन्द्र अवार्ड, एचएयू के चारा व बाजरा अनुभाग को दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान केन्द्र अवार्ड से नवाजा जा चुका है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23.7.24 | 5 | 4-6 |


## हकृवि को पहली बार मिला ए प्लस ग्रेड, मूल्यांकन के बाद नैब टीम ने घोषित किया परिणाम

### कुलपति ने ए प्लस ग्रेड मिलने पर विश्वविद्यालय परिवार को दी बधाई



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रैस कांन्फ्रैंस को संबोधित करते हुए।

हिसार, 22 जुलाई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से ए प्लस ग्रेड दिया गया है। इससे पूर्व विश्वविद्यालय लगातार 'ए' ग्रेड हासिल कर रहा था। अब विश्वविद्यालय का ओवरऑल ग्रेड ए प्लस हो गया है। ज्ञात रहे कि ए प्लस ही नैब की सर्वश्रेष्ठ ग्रेडिंग होती है। एचएयू के विभिन्न महाविद्यालयों एवं उनमें चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों को भी पांच साल की मान्यता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त कृषि महाविद्यालय, बावल को भी पहली बार मान्यता प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय ने ग्रेडिंग के 4.00 में से 3.52 अंक प्राप्त कर यह कामयाबी हासिल की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। नैब की ओर से ए प्लस ग्रेड मिलना बेहद खुशी की बात है। विश्वविद्यालय का यह आंकलन गुणात्मक व मात्रात्मक मीट्रिक पर आधारित है। इस टीम में शामिल वरिष्ठ शिक्षाविदों ने शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों, के साथ मुलाकात की और महाविद्यालयों, हॉस्टलों, खेल, स्वास्थ्य सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण करने के उपरांत गुणात्मक घटकों का आकलन किया। कुलपति ने कहा कि यह ए+ ग्रेड हरियाणा राज्य तथा विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैरशिक्षक कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा व किसानों की मेहनत का परिणाम है। यह सभी के लिए गर्व और हर्ष का विषय है। यह ए+ ग्रेड विश्वविद्यालय को कठोर मूल्यांकन का पालन करके पाठ्यक्रम, अनुसंधान, बुनियादी ढांचे, सीखने के संसाधनों, मूल्यांकन, नवाचार जैसे विभिन्न मापदंडों के आधार पर प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा यह विश्वविद्यालय किसानों को समर्पित है इसलिए भविष्य में भी यह नवीन कृषि प्रौद्योगिकी विकास के द्वारा किसानों के कल्याण के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहेगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 23.7.24 | 1 | 4 |

दैनिक भास्कर

## एचएयू को ए प्लस ग्रेड, 4 में से 3.52 अंक मिले

हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड नैब ने ए प्लस ग्रेड दिया है। इससे पहले विश्वविद्यालय लगातार 'ए' ग्रेड हासिल कर रहा था। ए प्लस ही नैब की सर्वश्रेष्ठ ग्रेडिंग होती है। सोमवार को एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय ने ग्रेडिंग के 4.00 में से 3.52 अंक पाकर यह कामयाबी हासिल की है। एचएयू के विभिन्न महाविद्यालयों एवं उनमें चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों को भी पांच साल की मान्यता मिली है। वीसी प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि एचएयू का यह आंकलन गुणात्मक व मात्रात्मक मीट्रिक पर आधारित है। इस टीम में शामिल वरिष्ठ शिक्षाविदों ने शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों के साथ मुलाकात की।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 23.7.24 | 12 | 1-2 |

# हकृवि को पहली बार मिला 'ए प्लस' ग्रेड

हिसार, 22 जुलाई (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से ए प्लस ग्रेड दिया गया है। इससे पूर्व विश्वविद्यालय लगातार 'ए' ग्रेड हासिल कर रहा था। अब विश्वविद्यालय का ओवरऑल ग्रेड ए प्लस हो गया है। ज्ञात रहे कि ए प्लस ही नैब की सर्वश्रेष्ठ ग्रेडिंग होती है। एचएयू के विभिन्न महाविद्यालयों एवं उनमें चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों को भी पांच साल की मान्यता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त कृषि महाविद्यालय, बावल को भी पहली बार मान्यता प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय ने ग्रेडिंग के 4.00 में से 3.52 अंक प्राप्त कर यह कामयाबी हासिल की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। विश्वविद्यालय का यह आंकलन गुणात्मक व मात्रात्मक मीट्रिक पर आधारित है। विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड के साथ पांच वर्ष यानि 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2028 के लिए आईसीएआर ने मान्यता प्रदान की है। एचएयू के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों से संबंधित कोर्सेज कराए जाते हैं जिनमें यूजी के 7, पीजी के 47 व पीएचडी के 42 कोर्सेज शामिल हैं।

# हकृवि को पहली बार मिला ए प्लस ग्रेड

## मूल्यांकन के बाद नैब टीम ने घोषित किया परिणाम



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रैस कान्फ्रैंस को संबोधित करते हुए।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से ए प्लस ग्रेड दिया गया है। अब विश्वविद्यालय का ओवरऑल ग्रेड ए प्लस हो गया है। विश्वविद्यालय ने ग्रेडिंग के 4.00 में से 3.52 अंक प्राप्त कर यह कामयाबी हासिल की है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। नैब की ओर से ए प्लस ग्रेड मिलना बेहद खुशी की बात है। विश्वविद्यालय का यह आंकलन गुणात्मक व मात्रात्मक मीट्रिक पर आधारित है। इस टीम में शामिल वरिष्ठ शिक्षाविदों ने शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों, के साथ मुलाकात की और महाविद्यालयों, हॉस्टलों, खेल, स्वास्थ्य सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण करने के उपरांत गुणात्मक घटकों का आकलन किया। विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड के साथ पांच वर्ष यानि 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2028 के लिए आईसीएआर ने मान्यता प्रदान की है।

राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय को कृषि उत्पादकता में वृद्धि तथा ग्रामीण समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान के लिए वर्ष 2019 में प्रतिष्ठित कृषि शिक्षा सम्मान अवार्ड प्रदान किया गया था। वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय को सरसों अनुसंधान एवं विकास कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सर्वश्रेष्ठ केन्द्र अवार्ड, हकृवि के चारा व बाजरा अनुभाग को दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान केन्द्र अवार्ड से नवाजा जा चुका है। कुलपति ने कहा कि यह ए+ ग्रेड हरियाणा राज्य तथा विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैरशिक्षक कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा व किसानों की मेहनत का परिणाम है। यह सभी के लिए गर्व और हर्ष का विषय है। यह ए+ ग्रेड विश्वविद्यालय को कठोर मूल्यांकन का पालन करके पाठ्यक्रम, अनुसंधान, बुनियादी ढांचे, सीखने के संसाधनों, मूल्यांकन, नवाचार जैसे विभिन्न मापदंडों के आधार पर प्रदान किया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 22.07.2024 | -- | -- |

# हकृवि को पहली बार मिला ए प्लस ग्रेड, कुलपति ने दी बधाई

पांच बजे न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से ए प्लस ग्रेड दिया गया है। इससे पूर्व विश्वविद्यालय लगातार 'ए' ग्रेड हासिल कर रहा था। अब विश्वविद्यालय का ओवरऑल ग्रेड ए प्लस हो गया है। ज्ञात रहे कि ए प्लस ही नैब की सर्वश्रेष्ठ ग्रेडिंग होती है। एचएयू के विभिन्न महाविद्यालयों एवं उनमें चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों को भी पांच साल की मान्यता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त कृषि महाविद्यालय, बावल को भी पहली बार मान्यता प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय ने ग्रेडिंग के 4.00 में से 3.52 अंक प्राप्त कर यह कामयाबी हासिल की है।



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। नैब की ओर से ए प्लस ग्रेड मिलना बेहद खुशी की बात है। विश्वविद्यालय का यह आकलन गुणात्मक व मात्रात्मक मीट्रिक पर आधारित है। इस टीम में शामिल वरिष्ठ शिक्षाविदों ने शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों, के साथ मुलाकात की और महाविद्यालयों, हॉस्टलों, खेल, स्वास्थ्य सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण करने के उपरांत गुणात्मक घटकों का आकलन किया। विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड के साथ पांच वर्ष यानि 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2028 के लिए आईसीएआर ने मान्यता प्रदान की है। एचएयू के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों से संबंधित कोर्सेज कराए जाते है जिनमें यूजी के 7, पीजी के 47 व पीएचडी के 42 कोर्सेज शामिल है।

**ए प्लस ग्रेड सभी कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम**

कुलपति ने कहा कि यह ए प्लस ग्रेड हरियाणा राज्य तथा विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैरशिक्षक कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा व किसानों की मेहनत का परिणाम है। यह सभी के लिए गर्व और हर्ष का विषय है। यह ए+ ग्रेड विश्वविद्यालय को कठोर मूल्यांकन का पालन करके पाठ्यक्रम, अनुसंधान, बुनियादी ढांचे, सीखने के संसाधनों, मूल्यांकन, नवाचार जैसे विभिन्न मापदंडों के आधार पर प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा यह विश्वविद्यालय किसानों को समर्पित है इसलिए भविष्य में भी यह नवीन कृषि प्रौद्योगिकी विकास के द्वारा किसानों के कल्याण के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहेगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Savera Times | 23.07.2024 | -- | -- |

# Haryana Agricultural University achieves A+ Grade for the first time

@Thesaveratimes
Network

**Hisar:** Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (HAU) has been awarded an A+ grade by the National Agricultural Education Accreditation Board (NAB) of the Indian Council of Agricultural Research. This is the first time the university has received this prestigious grade, having consistently achieved an 'A' in the past. The A+ grade is the highest awarded by NAB. Various colleges and courses at HAU have been granted recognition for five years, and the Agriculture College, Bawal, received recognition for the first time. The university scored 3.52 out of 4.00 in this evaluation. Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj expressed pride in the university's achievement, highlighting its strengthening reputation nationally and internationally. The NAB assessment, based on both qualitative and quantitative metrics, involved senior educationists evaluating the university's infrastructure, including colleges, hostels, sports facilities, and health services. The university's A+ grade is valid from April 1, 2023, to March 31, 2028, covering 7 UG, 47 PG, and 42 PhD courses. HAU has a history of accolades, including the prestigious Krishi Shiksha Samman Award in 2019 for its contributions to agricultural productivity and rural prosperity. The Agri Business Incubation Center (ABIC) received the Best Incubation Centre Award in 2021, and the Krishi Vigyan Kendra, Mahendragarh, won the Best Krishi Vigyan Kendra Award in 2022. In 2023, the university's mustard research earned it the Best Incubation Centre Award again.



## VC congratulates university family on prestigious recognition

The university has been at the forefront of agricultural innovations. An e-tractor developed by HAU showcases steps towards reducing operational costs and using green energy. The Nutri Cereals Research Centre, set up on 63 acres in Gokalpura village, aids farmers in rainfed areas by developing advanced technology for coarse grain crops.

The College of Biotechnology and College of Fisheries emphasize the university's dedication to comprehensive agricultural education and modern techniques. Dr. Mangalsen Krishi Sangrahalaya at HAU preserves Haryanvi culture and agricultural science artifacts. The university also promotes sports through facilities like a synthetic athletic track and a multipurpose hall. Additionally, a speed breeding and micrometeorology lab has been established to expedite the release of new crop varieties. In the last five years, HAU has established 65 startups through the ABIC Centre, securing Rs 7 crore in funding. The university has facilitated international training for 142 students and hosted foreign students. HAU has also obtained 6 patents and 28 intellectual property rights, promoting improved seed production and agricultural techniques.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 23.7.24 | 12 | 6 |

## हकृवि ने घोषित किये प्रवेश परीक्षा के परिणाम

हिसार, 22 जुलाई (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय, बीएससी कोम्युनिटी साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम में राहुल जाखड़ ने 88.5 अंक, रीतिक ने 87 अंक व दीपांशु और हिमांश चावला ने 86.5 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय पाठ्यक्रम में पलक, तनिश, साहिल, रोहित, सुर्यांशी व यान्शु ने 91 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बीएससी कोम्युनिटी साइंस में खुशी ने 83 अंक, चाहत सैनी, इशिका व अवंतिका ने 82 अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। एमएससी एग्रीकल्चर में शुभम ने 81 अंक, दीक्षित ने 77 व सानिया और पूजा ने 76 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23-7-24 | 5 | 5-6 |

## एचएयू की प्रवेश परीक्षा का परीणाम जारी



राहुल जाखड़ 88.5 अंक।



पलक 91 अंक।



शुभम, 91 अंक।

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय, बीएससी कम्युनिटी साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम में राहुल जाखड़ ने 88.5 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम में राहुल जाखड़ 88.5 अंक के साथ प्रथम, रितिक 87 अंक के साथ द्वितीय, दीपांशु व हिमांश चावला 86.5 अंक के साथ तृतीय रहे। बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय पाठ्यक्रम में पलक, तनिश, साहिल, रोहित, सुर्यांशी व यान्शु ने 91 अंक लेकर पहला स्थान पाया।

बीएससी कम्युनिटी साइंस में 83 अंक के साथ खुशी, चाहत सैनी, इशिका प्रथम, 82 अंक लेकर अवंतिका द्वितीय रही। एमएससी एग्रीकल्चर में शुभम ने 81 अंक लेकर प्रथम रहे। दीक्षित ने 77 अंक के साथ दूसरा, सानिया व पूजा ने 76 अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उम्मीदवार उपरोक्त परीक्षाओं के परिणाम व इससे संबंधित नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट admissions.hau.ac.in व hau.ac.in पर संपर्क कर सकते हैं। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 24-7-24 | 4 | 5 |

# बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स प्रवेश परीक्षा में राहुल प्रथम

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय, बीएससी कम्युनिटी साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम में राहुल जाखड़ ने 88.5 अंक, रीतिक ने 87 अंक व दीपांशु और हिमांशा चावला ने 86.5 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय पाठ्यक्रम में पलक, तनिश, साहिल, रोहित, सुर्यांशी व यान्शु ने 91 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

बीएससी कम्युनिटी साइंस में खुशी ने 83 अंक, चाहत सैनी, इशिका व अवंतिका ने 82 अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। एमएससी एग्रीकल्चर में शुभम ने 81 अंक, दीक्षित ने 77 व सानिया और पूजा ने 76 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। उम्मीदवार उपरोक्त परीक्षाओं के परिणाम व इससे संबंधित नवीनतम जानकारियों के लिए विवि की वेबसाइट admissions.hau.ac.in व hau.ac.in पर चेक कर सकते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 23.7.24 | 9 | 1-3 |

# एचएयू: बीएससी एग्रीकल्चर में राहुल प्रथम

- एचएयू ने घोषित किया बीएससी चार वर्षीय, छह वर्षीय, बीएससी कोम्युनिटी साइंस व एमएससी प्रवेश परीक्षा का परिणाम, कोम्युनिटी में खुशी, एमएससी में शुभम व बीएससी छह वर्षीय में पलक रही प्रथम, परिणाम वेबसाइड पर उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय, बीएससी कोम्युनिटी साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए है। बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम में राहुल जाखड़ ने 88.5 अंक, रीतिक ने 87 अंक व दीपांशु और हिमांश चावला ने 86.5 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय पाठ्यक्रम में पलक, तनिश, साहिल, रोहित, सुयांशी व यान्शु ने 91 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि बीएससी कोम्युनिटी साइंस में खुशी ने 83 अंक, चाहत सैनी, इशिका व अवंतिका ने 82 अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। एमएससी एग्रीकल्चर में शुभम ने 81 अंक, दीक्षित ने 77 व सानिया और पूजा ने 76 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। उम्मीदवार परिणाम व अन्य जानकारी विवि की वेबसाइट admissions.hau.ac.in व hau.ac.in पर देख सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23-7-24 | 1 | 1-4 |

# बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स में राहुल जाखड़ प्रथम

जागरण संवाददाता • हिसारः चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने परीक्षा परिणाम जारी किया है। बीएससी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय कोर्स में राहुल जाखड़ ने हरियाणा में प्रथम स्थान पर रहे। राहुल ने 88.5 अंक हासिल किया। इसी प्रकार बीएससी कम्युनिटी साइंस में खुशी प्रथम रही। खुशी को 83 अंक मिले।

- हकृवि ने घोषित किए बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय, छह वर्षीय, बीएससी कम्युनिटी साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर के परिणाम

**बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम**

इसमें हिसार के अग्रोहा के राहुल जाखड़ ने 88 .5 अंक, भिवानी के आजाद नगर निवासी रीतिक ने 87 अंक व सोनीपत के गढ़ी उजालाकलां निवासी दीपांशु और अंबाला के नंदी मोहल्ला निवासी हिमांश चावला ने 86 .5 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय की तरफ से बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय, बीएससी कम्युनिटी साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित किए है। विकुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने परिणाम की घोषणा कर इसको वेबसाइट पर डलवा दिया है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि छात्रों के लिए नए-नए कोर्स भी शुरू किए जा रहे हैं। नए शिक्षा नीति के तहत जल्द ही नए कोर्स शुरू होंगे, जिससे छात्रों को फायदा होगा। इसकी काउंसिलिंग जल्द शुरू होगा। इसका कट आफ काउंसिलिंग के अनुसार बदलता रहेगा।

बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय पाठ्यक्रम : हिसार के उमेद विहार कालोनी निवासी पलक, करनाल के कलरी जागरी गांव निवासी तनिश, हिसार के अलीपुर गांव निवासी साहिल, फतेहाबाद के मताना निवासी रोहित, रेवाड़ी के ढाणी नांगल उगरा निवासी सूर्यांशी व हिसार के बडाला गांव निवासी वान्शु ने 91 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

बीएससी कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय : भिवानी हरिवास गांव निवासी खुशी ने 83 अंक, कुरुक्षेत्र के रतगल गांव निवासी चाहत सैनी, जींद के जाजनवाला गांव निवासी इशिका व हिसार के शिव नगर निवासी अवंतिका ने 82 अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

एमएससी एग्रीकल्चर : जींद के डिफेंस कालोनी के शुभम ने 81 अंक, यमुनानगर के सांधली गांव की दीक्षित ने 77 व गुरुग्राम के राजीव नगर की सानिया और झज्जर की धारणा गांव निवासी पूजा ने 76 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23-7.24 | 5 | 6-8 |

## हकृवि ने घोषित किए बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय, छह वर्षीय, बीएससी कम्युनिटी साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के परिणाम

हिसार, 22 जुलाई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय, बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय, बीएससी कोम्युनिटी साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम में राहुल जाखड़ ने 88.5 अंक, रीतिक ने 87 अंक व दीपांशु और हिमांश चावला ने 86.5 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय पाठ्यक्रम में पलक, तनिश, साहिल, रोहित, सुयांशी व यान्शु ने 91 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बीएससी कोम्युनिटी साइंस में खुशी ने 83 अंक, चाहत सैनी, इशिका व अवंतिका ने 82 अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। एमएससी एग्रीकल्चर में शुभम ने 81 अंक, दीक्षित ने 77 व सानिया और पूजा ने 76 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।उम्मीदवार उपरोक्त परीक्षाओं के परिणाम व इससे संबंधित नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट admissions.hau.ac.in व hau.ac.in पर चेक कर सकते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 22.07.2024 | -- | -- |


# हकृवि ने घोषित किए प्रवेश परीक्षा के परिणाम

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय, बीएससी एग्रीकल्चर छ~ वर्षीय, बीएससी कोम्युनिटी साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम में राहुल जाखड़ ने 88.5 अंक, रीतिक ने 87 अंक व दीपांशु और हिमांश चावला ने 86.5 अंक हासिल कर क्रमश~ प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, बीएससी एग्रीकल्चर छ~ वर्षीय पाठ्यक्रम में पलक, तनिश, साहिल, रोहित, सुर्याशी व यान्शु ने 91 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बीएससी कोम्युनिटी साइंस में खुशी ने 83 अंक, चाहत सैनी, इशिका व अवंतिका ने 82 अंक प्राप्त कर क्रमश~ प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। एमएससी एग्रीकल्चर में शुभम ने 81 अंक, दीक्षित ने 77 व सानिया और पूजा ने 76 अंक हासिल कर क्रमश~ प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। उम्मीदवार उपरोक्त परीक्षाओं के परिणाम व इससे संबंधित नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
# लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 22.07.2024 | -- | -- |

## हकृवि ने घोषित किए पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के परिणाम

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय, बीएससी कोम्युनिटी साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम में राहुल जाखड़ ने 88.5 अंक, रीतिक ने 87 अंक व दीपांशु और हिमांश चावला ने 86.5 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, बीएससी एग्रीकल्चर छ्न्ह वर्षीय पाठ्यक्रम में पलक, तनिश, साहिल, रोहित, सुर्यांशी व यान्शु ने 91 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बीएससी कोम्युनिटी साइंस में खुशी ने 83 अंक, चाहत सैनी, इशिका व अवंतिका ने 82 अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। एमएससी एग्रीकल्चर में शुभम ने 81 अंक, दीक्षित ने 77 व सानिया और पूजा ने 76 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23.7.24 | 4 | 1-6 |

# एचएयू को पहली बार मिला ए प्लस ग्रेड

## मूल्यांकन के बाद नैब टीम ने घोषित किया परिणाम, पहले विवि के पास थी ए ग्रेड

- विवि ने ग्रेडिंग के 4 में से 3.52 अंक पाए
- 28 बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त किए हैं

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से ए प्लस ग्रेड दिया गया है। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के पास 'ए' ग्रेड थी। अब विश्वविद्यालय का ओवरऑल ग्रेड ए प्लस हो गया है। ए प्लस नैब की सर्वश्रेष्ठ ग्रेडिंग होती है।



मीडिया से बातचीत करते कुलपति प्रो. बीआर कांबोज, डॉ. एमएल खिचड़, डॉ. संदीप आर्य, अतुल कुमार धींगडा व अन्य। स्रोत : संस्थान

एचएयू के विभिन्न महाविद्यालयों एवं उनमें चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों को भी पांच साल की मान्यता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त कृषि महाविद्यालय, बावल को भी पहली बार मान्यता प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय ने ग्रेडिंग के 4.00 में से 3.52 अंक प्राप्त कर यह कामयाबी हासिल की है।

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि यह आंकलन गुणात्मक व मात्रात्मक मीट्रिक पर आधारित है। इस टीम में शामिल वरिष्ठ शिक्षाविदों ने शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों, के साथ मुलाकात की और महाविद्यालयों, हॉस्टलों, खेल, स्वास्थ्य सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण करने के बाद गुणात्मक घटकों का आकलन किया।

विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड के साथ पांच वर्ष यानि 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2028 के लिए आईसीएआर ने मान्यता प्रदान की है। एचएयू के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों से संबंधित कोर्सेज कराए जाते हैं जिनमें यूजी के 7, पीजी के 47 व पीएचडी के 42 कोर्सेज शामिल हैं। विश्वविद्यालय की ओर से ई-ट्रैक्टर बनाया गया है। जो परिचालन लागत को कम करने के लिए और हरित ऊर्जा उपयोग की दिशा में उठाएं गए कदम को दर्शाता है। गोकलपुरा गांव में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 63 एकड़ भूमि पर पोषक अनाज अनुसंधान केंद्र स्थापित किया गया है। यह केंद्र बरानी क्षेत्रों के किसानों के लिए मोटे अनाज की फसलों की उन्नत प्रौद्योगिकी विकसित करेगा। ब्रीडिंग और माइक्रोमेटेरोलॉजी लैब की स्थापना की गई है, जिससे फसलों की नई किस्म को जारी करने के लिए 3 से 4 साल का समय लगेगा जोकि पहले 10 से 12 वर्ष लगता था।

विश्वविद्यालय ने 6 पेटेंट, 11 कॉपीराइट व 11 डिजाइन सहित कुल 28 बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त किए हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुल 580 द्विपक्षीय समझौते किए गए हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 23.7.24 | 4 | 1–6 |

# हकृवि को पहली बार मिला ए प्लस ग्रेड, मूल्यांकन के बाद नैब टीम ने घोषित किया परिणाम



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रैस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए*

हिसार, 22 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रत्यायन बोर्ड (नैब) की ओर से ए प्लस ग्रेड दिया गया है। इससे पूर्व विश्वविद्यालय लगातार 'ए' ग्रेड हासिल कर रहा था।


अब विश्वविद्यालय का ओवरऑल ग्रेड ए प्लस हो गया है। ज्ञात रहे कि ए प्लस ही नैब की सर्वश्रेष्ठ ग्रेडिंग होती है। एच.ए.यू. के विभिन्न महाविद्यालयों एवं उनमें चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों को भी पांच साल की मान्यता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त कृषि महाविद्यालय, बावल को भी पहली बार मान्यता प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय ने ग्रेडिंग के 4.00 में से 3.52 अंक प्राप्त कर यह कामयाबी हासिल की है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार अपनी पहचान बना रहा है। नैब की ओर से ए प्लस ग्रेड मिलना बेहद खुशी की बात है। विश्वविद्यालय का यह आंकलन गुणात्मक व मात्रात्मक मीट्रिक पर आधारित है।

इस टीम में शामिल वरिष्ठ शिक्षाविदों ने शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों, के साथ मुलाकात की और महाविद्यालयों, हॉस्टलों, खेल, स्वास्थ्य सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण करने के उपरांत गुणात्मक घटकों का आकलन किया।

विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड के साथ पांच वर्ष यानि 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2028 के लिए आई.सी.ए.आर. ने मान्यता प्रदान की है। एच.ए.यू. के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों से संबंधित कोर्सेज कराए जाते हैं जिनमें यूजी के 7, पी.जी. के 47 व पी.एच.डी. के 42 कोर्सेज शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने गत वर्षों में उल्लेखीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए 6 पेटेंट, 11 कॉपीराइट व 11 डिजाइन सहित कुल 28 बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त किए हैं। एक



राहुल जाखड़



पलक



खुशी



शुभम

## हकृवि ने घोषित किए विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के परिणाम

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बी.एस.सी. एग्रीकल्चर चार वर्षीय, बी.एस.सी. एग्रीकल्चर छः वर्षीय, बी.एस.सी. कोम्युनिटी साइंस व एम.एस.सी. एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि बी.एस.सी. एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम में राहुल जाखड़ ने 88.5 अंक, रीतिक ने 87 अंक व दीपांशु और हिमांश चावला ने 86.5 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बी.एस.सी. एग्रीकल्चर छः वर्षीय पाठ्यक्रम में पलक, तनिश, साहिल, रोहित, सुयशी व यान्शु ने 91 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बी.एस.सी. कोम्युनिटी साइंस में खुशी ने 83 अंक, चाहत सैनी, इशिका व अवंतिका ने 82 अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। एम.एस.सी. एग्रीकल्चर में शुभम ने 81 अंक, दीक्षित ने 77 व सानिया और पूजा ने 76 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अन्य सवाल के जवाब में कुलपति ने कहा कि नरमा की फसल में गुलाबी सुंडी के प्रकोप को रोकने के लिए विश्वविद्यालय की टीमें लगी हुई हैं।

इस बारे में नरमा फसल को लेकर एडवाइजरी भी जारी की जा रही है। किसानों को भी जागरूक किया जा रहा है। हाल ही में 40 गांवों में इस बारे में सर्वे भी किया गया। उन्होंने बताया कि कम पानी व जलवायु के अनुकूल फसलों के शोध कार्य किए जा रहे हैं ताकि किसानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति अनुसार कोर्स करवाए जाएंगे।